<u>केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल</u>
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)

दिनांक : 05/07/2016
नई दिल्ली

<u>इलस्ट्रेटिव बुक 'अयोध्या के शूरवीर' का विमोचन</u>

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी0 आर0 पी0 एफ0) की इलस्ट्रेटिव बुक 'अयोध्या के शूरवीर' का विमोचन किया । इस पुस्तक में अयोध्या में राम जन्म भूमि–बाबरी मस्जिद परिसर पर आतंकवादियों के हमले को विफल करने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की शौर्यगाथा को दर्शाया गया है। 05 जुलाई 2005 को अत्याधुनिक हथियारों से लैस 05 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बाहरी बैरीकेड को विस्फोटकों से भरी जीप से उड़ाकर 'राम जन्म भूमि–बाबरी मस्जिद परिसर' के अंदरूनी हिस्से में घुसने का प्रयास किया लेकिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बहादुरों ने भारी गोलाबारी के बाद पांचों आतंकवादियों को मार गिराया और इस तरह उन्होंने आतंकवादियों के नापाक इरादों को नाकाम कर दिया।

इस शौर्य के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इन बहादुर अधिकारियों एवं जवानों को 02 शौर्य चक्र, 06 वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक और 12 वीरता के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया ।

इलस्ट्रेटिव बुक 'अयोध्या के शूरवीर' के विमोचन के अवसर पर श्री के0 दुर्गा प्रसाद, महानिदेशक सी0आर0पी0एफ0 और बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपनी शौर्य गाथाओं पर आधारित इलस्ट्रेटिव बुक की एक श्रृंखला प्रकाशित कर रहा है, जिसमें बल के अधिकारियों एवं जवानों के शौर्य और बलिदान की विभिन्न गाथाओं का चित्रण किया गया है। इस श्रृंखला में अभी तक 04 पुस्तकें सरदार पोस्टः एक शौर्य गाथा, वीर भृगुनन्दन, शूरवीर प्रकाश और जांबाज़ इलंगो प्रकाशित हो चुकी हैं।

gLrk0@6@5@16
Hkou pUnz [k.Mwjh

dUnh; fjtoZ iqfyl cy